Sixteenth Loksabha

an>

Title: Regarding construction of Anganwadi Centres in Banswara Parliamentary Constituency of Rajasthan.

श्री मानशंकर निनामा (बांसवाड़ा):माननीय अध्यक्ष महोदया, मैं माननीय महिला एवं बाल विकास मंत्री जी का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र बांसवाड़ा डुंगरपुर, राजस्थान में आंगनवाड़ी केन्द्रों के भवन निर्माण से संबंधित विषय की ओर आकर्षित करना चाहता हूं।...(व्यवधान)

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे (गुलबर्गा): महोदया, मैं कल से इस मुद्दे को उठा रहा हूं...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: क्या हुआ है?

...(व्यवधान)

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे : महोदया, बहुत बड़ा घोटला हुआ है...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: मैंने कल आपको बोलने का मौका दिया था। रोज-रोज नहीं होता है।

...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: मुझे लिस्ट के अनुसार काम करना होता है।

...(व्यवधान)

श्री मानशंकर निनामा: महिला एवं बाल विकास मंत्रालय और महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना के साथ मिलाकर ग्रामीण क्षेत्रों में दो लाख रुपये प्रति आंगनवाड़ी के हिसाब से भुगतान कर आंगनवाड़ी केन्द्रों का भवन निर्माण करवाया जा रहा है।...(व्यवधान) जबकि शहरी क्षेत्रों में महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना संचालित न होने के कारण इतनी धनराशि में आंगनवाड़ी केन्द्रों का भवन निर्माण करवाया जाना संभव नहीं है।...(व्यवधान)

12 19 hrs

At this stage Shri Deependra Singh Hooda and some other hon. Members came and stood on the floor near the Table.

श्री मानशंकर निनामा : पूरे राजस्थान के शहरी क्षेत्रों में अधिकांश आंगनवाड़ी केन्द्र किराए के भवनों से संचालित हैं। …(व्यवधान) शहरी क्षेत्रों के आंगनवाड़ी केन्द्रों के भवन निर्माण हेतु सात लाख रुपये प्रति आंगनवाड़ी केन्द्र के निर्माण लागत के अनुसार राजस्थान सरकार द्वारा भारत सरकार को केन्द्रीय अंश स्वीकृत करने हेतु पूर्व में भी अनुरोध किया गया है।…(व्यवधान)

मेरा सदन के माध्यम से महिला एवं बाल विकास मंत्री जी से अनुरोध है कि मेरे लोक सभा संसदीय क्षेत्र बांसवाड़ा के शहरी क्षेत्रों में आंगनवाड़ी केन्द्रों के भवन निर्माण हेतु सात लाख रुपये प्रति आंगनवाड़ी केन्द्र के निर्माण लागत के अनुसार केन्द्रीय अंश स्वीकृत करने की कृपा करें।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष:

श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री मानशंकर निनामा द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।